मीरापुर बारवारी दुर्गा पूजा समिति

शम्भू नाथ बनर्जी
(कार्यकारी अध्यक्ष)
7985600919

श्यामल रॉय
(महा सचिव)
9335156362

सौमित्र मजूमदार
(कोषाध्यक्ष)
9838049656

MBDPC

मायेर–साज (माता का श्रृंगार) थीम पर आधारित होगी मीरापुर की दुर्गा पूजा

अपने थीम आधारित दुर्गा पूजा के माध्यम से प्रयागराज एवं आसपास के क्षेत्रों में श्रद्धालुओं के बीच लोकप्रिय **मीरापुर दुर्गा पूजा समिति** इस वर्ष डी. ए. वी. इण्टर कॉलेज में स्थापित होने वाले पूजा पंडाल में मातृ शक्ति का आह्वान **मायेर–साज (माता का श्रृंगार)** थीम पर आधारित साज–सज्जा के माध्यम से करेगी।

मुख्य सचिव श्री श्यामल रॉय के अनुसार अपने स्वर्ण जयंती वर्ष से एक कदम दूर खड़ी मीरापुर बारवारी दुर्गा पूजा समिति अपने 49वें शारदीय दुर्गा पूजा उत्सव में प्रतिमा एवं पंडाल के माध्यम से महिषासुर मर्दिनी के **उमा स्वरुप** का **सोलह श्रृंगार** पारम्परिक **बांग्ला साज सामग्रियों जैसे शाखा–पोला, नोआ, आलता, सिन्दूर, काजल, मेहंदी, मांग–टीका, नथ, झुमका, मंगलसूत्र, लाल चुनरी आदि से करेगी। पंडाल की साज–सज्जा भी इन्ही श्रृंगार सामग्रियों या इनकी प्रतिकृतियों के माध्यम से की जाएगी।**

दुर्गा पूजा की प्रासन्गिकता को आज के युग में ज़्यादा प्रभावकारी बताते हुए **संस्थापक सदस्य एवं वर्तमान अध्यक्ष श्री निर्मल चंद्र रॉय** ने बताया कि युवा पीढ़ी को मातृ शक्ति की महत्ता से परिचित कराने के उद्देश्य से मीरापुर बारवारी दुर्गा पूजा समिति अभिनव विषयों पर आधारित थीम पर अपनी दुर्गा प्रतिमा और पंडाल सज्जा निर्धारित करती है। **उन्होंने आगे बताया कि विजया दशमी के दिन पंडाल में दर्पण विसर्जन के पश्चात इन्ही श्रृंगार सामग्रियों को दर्शन पूजन के लिए आई हुई महिलाओं में वितरित कर दिया जायेगा।**

(शेष पृष्ठ 2 पर)

शम्भू नाथ बनर्जी (कार्यकारी अध्यक्ष) 7985600919

श्यामल रॉय (महा सचिव) 9335156362

सौमित्र मजूमदार (कोषाध्यक्ष) 9838049656

MBDPC

...पृष्ठ 1 का शेष

कार्यकारी अध्यक्ष श्री शंभू नाथ बनर्जी के अनुसार युवा पीढ़ी को मातृ शक्ति की महत्ता से परिचित कराने के उद्देश्य से **स्वर्गीय देवी रानी रॉय स्मारक चित्रकला प्रतियोगिता** के माध्यम से कला क्षेत्र में रूचि रखने वाले कक्षा 10 तक के विद्यार्थियों को इस **निःशुल्क प्रतियोगिता** में भाग लेने के लिए ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों ही माध्यमों से आमंत्रित कर रही है। मीरापुर बारवारी दुर्गा पूजा समिति की वेबसाइट एवं फ़ेसबुक पेज पर इस कार्यक्रम से सम्बंधित सभी जानकारियां उपलब्ध करा दी गयी हैं। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किया जायेगा।

समिति के **वरिष्ठ सलाहकार श्री टी के बनर्जी** के अनुसार ऋग्वेद में भी सोलह श्रृंगार की महिमा बताई गई है। ऋग्वेद के अनुसार श्रृंगार न सिर्फ महिलाओं की सुंदरता बढ़ाता है, बल्कि सौभाग्य भी बढ़ाता है। पुराणों के अनुसार सोलह श्रृंगार के माध्यम से परिवार में सुख–समृद्धि बढ़ाई जा सकती है। अपनी सांस्कृतिक विरासत एवं आधुनिक तकनीक के मध्य सामंजस्य स्थापित करते हुए मीरापुर बारवारी दुर्गा पूजा समिति विभिन्न डिजिटल माध्यमों का प्रयोग करते हुए वेबसाइट, व्हाट्सएप चैनल, इंस्टाग्राम, फ़ेसबुक पेज पर लाईव वीडियो एवं यू. ट्यूब वीडियो जैसे माध्यमों का भी प्रयोग करती है।

युवा कार्यकर्ताओं **अनुरूप, विकास, अनिकेत, सौरभ** आदि ने बताया कि पंडाल की आंतरिक साज सज्जा प्रकाश व्यवस्था पंडाल में प्रवेश करने वाले मार्ग पर भी फ्लेक्स बॅनर के माध्यम से इस थीम को प्रसारित किया जायेगा

दिनांक: 19.09.2024

(श्यामल रॉय)
महा सचिव

अधिक जानकारी के लिए देखें: https://meerapurdurgapuja.com